# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांक: 212 /पुस्तकालय/2016 , भोपाल दिनांक: 22 / 11 /2016

## पुस्तकें क्रय करने हेतु निविदा वर्ष 2016-17

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के केंद्रीय पुस्तकालय, विभिन्न अध्ययन शालाओं के विभागीय पुस्तकालयों के विभिन्न संकायों के अंतर्गत प्रचलित पाठ्यक्रमों, विश्वविद्यालय के विभिन्न सेल एवं अन्य विभागों के लिए भारतीय प्रकाशन, विदेशीय प्रकाशन, विभिन्न संस्थागत / सोसाइटी / एन.जी.ओ. प्रकाशन आदि की पाठ्य-पुस्तकों/शोध ग्रंथों/संदर्भ ग्रंथों/पाठ्य-सामग्री/नियम पुस्तकें आदि के लिए यू.जी.सी., रूसा, विश्व बैंक, विभिन्न अध्ययन शालाओं के विभागीय बजट, विश्वविद्यालय के केंद्रीय बजट एवं अन्य उपलब्ध बजट आदि से वर्ष 2016-17 एवं आगामी वर्षों के लिये क्रय किया जाना प्रस्तावित है। उपरोक्त क्रय में विक्रेता द्वारा निविदा में दी जाने वाली छूट दर(डिस्काउंट रेट) के आधार पर खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र का मूल्य रु.3000=00 (रुपये तीन हजार मात्र) (वापसी योग्य नहीं) मात्र है, जो किसी बैंक के ड्राफ्ट जो कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के पक्ष में देय हो है। निविदा से संबन्धित समस्त जानकारी, निविदा प्रपत्र एवं शर्तों को विश्वविद्यालय के वेब साइट www.bubhopal.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है इसके अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से यह अभिलेख प्राप्त नहीं होंगे। सील बंद निविदाएँ रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा दिनांक 14-12-16 तक विश्वविद्यालय में प्राप्त की जावेगी।

लिफाफे के ऊपर स्पष्टतः "पुस्तकें क्रय करने हेतु निविदा वर्ष 2016-17" अंकित होना चाहिए तथा इसे पुस्तकालयाध्यक्ष, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल, होशंगाबाद रोड, भोपाल मध्य प्रदेश 462 026 के पते पर भेजा जाना चाहिये।

कुलसचिव

(1)

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांक: 212 /भंडार/2016 , भोपाल दिनांक: 22 / 11 /2016

## पुस्तकें क्रय करने हेतु निविदा वर्ष 2016-17

### भाग – 1
### निविदा आवेदन एवं प्रक्रिया संबंधी जानकारी

1.1 निविदा प्रपत्र बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की वेब साइट www.bubhopal.nic.in से डाउनलोड करें।

1.2 **पुस्तकें क्रय करने** हेतु निविदा को तीन लिफाफा पद्वति से प्रस्तुत किया जाना है।
- (क) लिफाफा "अ" – जमा राशि (सुरक्षा निधि, निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं प्रपत्र "ए–0","ए–1")
- (ख) लिफाफा "ब" – तकनीकी विवरण (समस्त संलग्नक, निविदा प्रपत्र एवं प्रपत्र "ए–2","ए–3")
- (ग) लिफाफा "स" – वित्तीय विवरण (दरें) (प्रपत्र "ए–4")

1.3 प्रत्येक लिफाफे के ऊपर स्पष्टतः लिफाफा "अ" / लिफाफा "ब" / लिफाफा "स" अंकित होना चाहिए।

1.4 उपरोक्त तीनों लिफाफों को एक बड़े लिफाफे में रखें जिसके ऊपर लिखें –
**"पुस्तकें कय करने हेतु निविदा वर्ष 2016–17"**

1.5 निविदाएँ **पुस्तकालयाध्यक्ष**, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, होशंगाबाद रोड, भोपाल के पते पर स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड डाक द्वारा स्वीकार की जायेंगी।

1.6 निविदा प्राप्ति का अंतिम दिनांक: 14-12-16 (कार्यालयीन समय में) हैं।

1.7 निविदा जमा करने के अंतिम दिनांक एवं समय के पश्चात प्राप्त किये गये किसी भी प्रपत्र को प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जायेगा।

1.8 अंतिम दिनांक के पश्चात अगले कार्य दिवस पर दोपहर 03:00 बजे निविदाएँ खोली जायेंगी।

1.9 यदि निविदा खुलने के दिनांक को अवकाश घोषित हो जाता है अथवा समिति के सदस्य उपस्थित नहीं हो पाते हैं तो आगामी कार्य दिवस पर उन्हें खोला जायेगा।

1.10 **प्रक्रिया–1**: सर्वप्रथम **लिफाफा "अ"** सुरक्षा निधि, निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं प्रपत्र "ए–0","ए–1" का लिफाफा खोला जायेगा।

1.101 लिफाफे "अ" में
- ✓ प्रपत्र "**ए–0**",
- ✓ प्रपत्र "**ए–1**" एवं
- ✓ निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 3,000=00 (रूपये तीन हजार मात्र)
- ✓ सुरक्षा निधि रूपये 3,00,000=00 (रूपये तीन लाख मात्र)

भाग-1 निरंतर.........

(2)

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांक: 212 /भंडार/2016 , भोपाल दिनांक: 22 / 11 /2016

## पुस्तकें क्रय करने हेतु निविदा वर्ष 2016-17

**भाग – 1**

**निविदा आवेदन एवं प्रक्रिया संबंधी जानकारी (निरंतर)**

1.102 दोनों बैंक ड्राफ्ट निविदा जारी होने की दिनांक के बाद के (कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के पक्ष में देय) बने होना चाहिए।

1.103 दोनों ड्राफ्टों के पीछे "पुस्तकें क्रय करने हेतु निविदा वर्ष 2016–17" लिखा होना चाहिए तथा फर्म की सील होनी चाहिए।

1.103 उपरोक्तानुसार सही ड्राफ्ट तथा प्रपत्र "ए–0","ए–1" मिलने पर ही फर्म को प्रक्रिया–2 के लिए योग्य माना जायेगा। उपरोक्त ड्राफ्ट लिफाफा "अ" में न रख कर अन्य लिफाफे में रखने पर या सही नाम या राशि का ड्राफ्ट न बनाने पर भी निविदा निरस्त मानी जावेगी एवं प्रक्रिया–2 के लिए मान्य नहीं की जावेगी। (संलग्न करें प्रपत्र "ए–0", "ए–1")

1.11 **प्रक्रिया–2**: तत्पश्चात लिफाफा "ब" तकनीकी लिफाफा खोला जायेगा।

लिफाफे "ब" में

- ✓ प्रपत्र "**ए–2**",
- ✓ प्रपत्र "**ए–3**" एवं
- ✓ समस्त दस्तावेजों के प्रत्येक पृष्ठ का नम्बरिंग करें, प्रत्येक पृष्ठ पर फर्म की मोहरे लगाकर अनिवार्य रूप से हस्ताक्षर करें।

इस लिफाफे में प्राप्त समस्त दस्तावेजों की सूक्ष्म जांच की जावेगी तथा समिति की रिपोर्ट के अनुसार करें जो फर्म समस्त शर्तों को पूर्ण करेगी सिर्फ उन्हें ही प्रक्रिया 3 के लिए योग्य माना जावेगा। (संलग्नकरें प्रपत्र "ए–2", "ए–3")

1.12 **प्रक्रिया–3** : तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया 2 में योग्य पायी जाने वाली फर्मों की ही वित्तीय निविदा लिफाफा "स" खोला जावेगा।

लिफाफे "स" में

- ✓ प्रपत्र "**ए–4**"

रखा जाएगा । (संलग्न करें प्रपत्र "ए–4"")

**000X000**

(3)

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

## भाग – 2
## निविदा की अर्हकारी शर्तें

2.1 निविदाकर्ता को पिछले वित्तीय वर्ष 2016-17 में किसी भी केंद्रीय या राज्य विश्वविद्यालय में एकल आदेश के अंतर्गत कम से कम रु. पचास लाख मूल्य की पुस्तकों को प्रदाय करने का अनुभव रहा हो । उक्त वर्ष के एकल आदेश की संतुष्टि पूर्ण आपूर्ति के प्रमाणपत्र एवं आदेश की प्रति तकनीकी लिफाफा "ब" में संलग्न करें।

2.2 निविदाकर्ता का टर्नओवर पिछले वित्तीय वर्ष (2016-17) में कम से कम रु. दो करोड़ रहा हो। इसकी चार्टर्ड अकाउंटेंट(सी.ए.) द्वारा प्रमाणित प्रमाण पत्र एवं आडिटेड बैलेन्स शीट एवं व्यापार तथा लाभ-हानी खाते के सहित तकनीकी लिफाफा "ब" में संलग्न करें।

2.3 निविदाकर्ता गुड ऑफिस कमेटी(GOC) द्वारा प्रमाणित बुक सेलर एसोसिएशन का सदस्य हो। इसके प्रमाण की छायाप्रति तकनीकी लिफाफा "ब" में संलग्न करें।

2.4 निविदाकर्ता ने किसी भी तीन केंद्रीय या राज्य विश्वविद्यालय में पुस्तकों की संतुष्टि पूर्ण आपूर्ति की हो। उन Yतकनीकी लिफाफा "ब" में संलग्न करें।

2.5 निविदाकर्ता किसी भी शासकीय संस्थान से कभी भी ब्लैक लिस्टेड नहीं होना चाहिए। इस बाबत निविदाकर्ता फ़र्म को मूल शपथ पत्र रु. 100 के नॉन ज्यूडीशियल स्टाम्प पेपर पर नोट्राइज्ड कर विधिवत प्रस्तुत किया जाय। इसे तकनीकी लिफाफा "ब" में संलग्न करें।

2.6 आयकर के पिछले तीन एसेस्मेंट वर्ष (2016-17, 2015-16, 2014-15) का प्रमाण पत्र / विवरण की छाया प्रति तकनीकी लिफाफा "ब" में संलग्न करें।

2.7 निविदाकर्ता आयकर स्थायी खाता क्रमांक(PAN) की छाया प्रति तकनीकी लिफाफा "ब" में संलग्न करें।

2.8 निविदाकर्ता का पुस्तक व्यवसाय का भारत में एक स्थायी कार्यालय / शोरूम हो। इस हेतु वैध रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छाया प्रति तकनीकी लिफाफा "ब" में संलग्न करें।

2.9 विदेशी प्रकाशन की पुस्तकों के संबंध में कन्वर्शन रेट गुड ऑफिस कमेटी (GOC) के अनुसार आदेश प्रसारित होने के दिन पर निर्धारित दर को लागू माना जाएगा।

2.10 निविदा प्रपत्र एवं संलग्न समस्त प्रपत्रों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकर्ता द्वारा फ़र्म की मोहर लगाकर हस्ताक्षर करें। किसी भी प्रपत्र पर फ़र्म की मोहर एवं हस्ताक्षर न होने पर उसे मान्य नहीं किया जाएगा।

2.11 निविदा केवल निर्धारित प्रपत्र में ही स्वीकार की जावेगी।

2.12 सत्र 2016-17 के उपरांत उपरोक्त निविदा आपसी सहमति से 1-1 वर्ष के लिए आगामी 5 वर्षों तक निरंतर की जा सकती है।

**000XX000**

(4)

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

## भाग – 3
## निविदा की अन्य शर्तें

3.1 निविदाकर्ता को नवीनतम संस्करण की पुस्तकें क्रयादेश के साथ संलग्न सूचियों के अनुसार तथा निर्धारित वित्तीय सीमा में विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय, विभिन्न अध्ययन शालाओं के विभागीय पुस्तकालयों, विश्वविद्यालय के विभिन्न सेल एवं अन्य विभागों जहाँ का आदेश प्रसारित किया गया हो में सुरक्षित एवं संरक्षित रूप से प्रदान करनी होगी। फटी हुई, क्षतिग्रस्त पुस्तकें स्वीकार नहीं की जावेगी। निविदाकर्ता द्वारा प्रदान की गयी पुस्तकें यदि नवीन संस्कारण की नहीं पायी जाती हैं या फोटोकोपीड पुस्तकें पायी जाती हैं या उनमें किसी भी प्रकार का कोई कॉपी राइट का या अन्य उल्लंघन पाया जाता है जो भविष्य में भी उजागर होता है तो इसकी पूर्ण जवाबदारी निविदाकर्ता की होगी।

3.2 मार्ग में हुई किसी भी प्रकार की हानि, चोरी, आगजनी, दुर्घटना, प्राकृतिक/आकस्मिक आपदा के कारण या अन्य किसी भी प्रकार से हुई क्षति के लिए विश्वविद्यालय उत्तरदायी नहीं होगा।

3.3 निविदाकर्ता पुस्तकों के प्रदाय का परिवहन भाड़ा, ढुलाई व्यय, सुपुर्तगी व्यय, या अन्य समस्त व्यय वहन करेंगे। "टू पे" या "वी.पी.पी." बिल्टी द्वारा प्रदाय मान्य नहीं होगा।

3.4 निविदाकर्ता पुस्तकें प्रदान करने से पूर्व इसकी सूचना विश्वविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय में प्रदान करेंगे जिससे पुस्तकों को रखने की व्यवस्था पूर्व से ही की जा सके।

3.5 निविदाकर्ता जो पुस्तकें प्रदान करेंगे उस की एक्सेल में पूर्ण सूची विश्वविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय में पूर्व से ही प्रदान करेंगे एवं उनके द्वारा प्रस्तुत बिल, संलग्नक आदि की स्कैन कॉपी PDF फ़ारमैट में विश्वविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय में उपलब्ध करवाएँगे।

3.6 अधिकतम छूट (डिस्काउंट दर) आधार एवं निविदा की अन्य शर्तों को पूर्ण करने वाले निविदाकर्ता को शपथ पत्र रु. 100 के नॉन ज्यूडीशियल स्टाम्प पेपर पर नोट्राइज्ड कर विधिवत अनुबंध पत्र संपादित करना होगा।

3.7 विश्वविद्यालय द्वारा क्रय आदेश आवश्यकतानुसार एक मुश्त या पृथक पृथक दिये जा सकेंगे।

भाग-3 निरंतर.........

(5)

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

## भाग – 3
## निविदा की अन्य शर्तें (निरंतर)

3.8 यदि एक ही डिस्काउंट रेट पर एक से अधिक निविदाकर्ता सफल होते है तो समस्त सफल निविदाकर्ताओं का नाम

पंजीबद्ध किया जवेगा। परन्तु इस प्रकार पंजीबद्ध हुए समस्त निविदाकर्ता विश्वविद्यालय से किसी भी प्रकार का दावा नहीं कर सकेंगे। किस निविदाकर्ता को कितना क्रय आदेश देना है यह पूर्णतः कुलपति, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के विवेकाधिकार पर सुरक्षित रहेगा। यह भी संभव है कि इस प्रकार पंजीबद्ध हुए निविदाकर्ता को कोई भी क्रय आदेश न मिले।

3.9 निविदाकर्ता यदि आदेश में दी गयी अवधि में पुस्तकें / संदर्भ ग्रंथ आदि प्रदाय नहीं कर पाता है तो विश्वविद्यालय अन्य किसी भी विक्रेता से पुस्तकें क्रय करने के लिए स्वतंत्र होगा।

3.10 निविदाकर्ता जो तकनीकी अर्हताएँ पूर्ण करते है एवं सफल निविदाकर्ता द्वारा मान्य छूट (डिस्काउंट रेट) पर पुस्तकें प्रदान करने में रुचि रखते है वे भी विश्वविद्यालय में अपना नाम रजिस्टर कर सकेंगे जिससे विश्वविद्यालय के पास मान्य छूट (डिस्काउंट रेट) पर पुस्तकें प्रदान करने के लिए ज्यादा से ज्यादा पुस्तक विक्रेता रजिस्टर हो सकेंगे। इस हेतु रुचि रखने वाले निविदाकर्ता सफल निविदाकर्ता के आदेश प्रसारित होने के 15 दिवस में आवेदन कर सकते है। इसके बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।परन्तु इस प्रकार पंजीबद्ध हुए निविदाकर्ता विश्वविद्यालय से किसी भी प्रकार का दावा नहीं कर सकेंगे। किस निविदाकर्ता को कितना क्रय आदेश देना है यह पूर्णतः कुलपति, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के विवेकाधिकार पर सुरक्षित रहेगा। यह भी संभव है कि इस प्रकार पंजीबद्ध हुए निविदाकर्ता को कोई भी क्रय आदेश न मिले।

(6)

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

**भाग – 3**
**निविदा की अन्य शर्तें (निरंतर)**

3.11 निविदाकर्ता द्वारा प्रदाय पुस्तकें सन्तोषजनक न होने या निविदाकर्ता द्वारा शर्तों का पालन नहीं करने की स्थिति में निविदाकर्ता का आदेश बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त किया जा सकता है एवं धरोहर राशि जब्त की जावेगी। इसमें जो भी आर्थिक हानि होगी उसकी वसूली स्वीकृत निविदाकर्ता से की जावेगी। ऐसी परिस्थिति में भुगतान से कटौती का अधिकार कुलपति, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के विवेकाधिकार पर सुरक्षित रहेगा।

3.12 जो निविदा मान्य नहीं होगी उनकी सुरक्षा निधि के ड्राफ्ट मूलतः तीन माह में लौटा दिए जायेंगे।

3.13 स्वीकृत/अस्वीकृत निविदा के साथ जमा की गई धरोहर राशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।

3.14 निविदा पूर्ण या आंशिक रूप से स्वीकृत/अस्वीकृत करने तथा किसी भी स्तर पर बिना कारण बताए निरस्त करने का पूर्ण अधिकार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।

3.15 निविदा की शर्तों में किसी प्रकार की छूट नहीं दी जावेगी।

3.16 निविदा प्रक्रिया के संबंध में किसी भी प्रकार की व्याख्या (Interpretation)का प्रश्न उपस्थित होने पर कुलपति बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम होगा।

3.17 निविदा विषयक विवाद में अन्तिम निर्णय कुलपति, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल का होगा।

3.18 न्यायालयीन विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय होगा।

3.19 निविदाकर्ता निविदा की समस्त शर्तों का पालन करने के लिए बाध्य एवं उत्तरदायी रहेगा।

**000XXX000**

(7)

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

## भाग – 4
## पुस्तकों के प्रकार

**पुस्तकें / शोध / संदर्भ ग्रंथ आदि**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **4.1** | **भारतीय प्रकाशन** | | | |
| | **4.11** | **पेपर बाउंड** | 4.111 | विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी Science & Technology |
| | | | 4.112 | कानून Law |
| | | | 4.113 | प्रबंधन, वाणिज्य Management, Commerce |
| | | | 4.114 | कला, सामाजिक विज्ञान, अन्य Arts, Social Science, Other |
| | **4.12** | **हार्ड बाउंड** | 4.121 | विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी Science & Technology |
| | | | 4.122 | कानून Law |
| | | | 4.123 | प्रबंधन, वाणिज्य Management, Commerce |
| | | | 4.124 | कला, सामाजिक विज्ञान, अन्य Arts, Social Science, Other |
| **4.2** | **विदेशी प्रकाशन** | | | |
| | **4.21** | **पेपर बाउंड** | 4.211 | विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी Science & Technology |
| | | | 4.212 | कानून Law |
| | | | 4.213 | प्रबंधन, वाणिज्य Management, Commerce |
| | | | 4.214 | कला, सामाजिक विज्ञान, अन्य Arts, Social Science, Other |
| | **4.22** | **हार्ड बाउंड** | 4.221 | विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी Science & Technology |
| | | | 4.222 | कानून Law |
| | | | 4.223 | प्रबंधन, वाणिज्य Management, Commerce |
| | | | 4.224 | कला, सामाजिक विज्ञान, अन्य Arts, Social Science, Other |
| **4.3** | **शासकीय / सोसाइटी / इन्स्टीट्यूशनल / एन.जी.ओ. आदि पब्लिककेशन** | | | |

**00XXXX000**

लिफाफा 'अ' में संलग्न करें

(8)

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

## प्रपत्र ए–0
## चैक लिस्ट

| सं0 क्रं0 | विवरण | जिस लिफाफे में संलग्न किया है। "अ" ☑ | "ब" ☑ | "स" ☑ |
|---|---|---|---|---|
| | **लिफाफा "अ" में संलग्न करें** | | | |
| 01 | निविदा प्रपत्र के मूल्य की राशि का बैंक का ड्राफ्ट रूपये 3,000=00 (रूपये तीन हजार मात्र) जो कि कुलसचिव, बरकतउल्ला वि0वि0, भोपाल के नाम देय है। | | × | × |
| 02 | सुरक्षा निधि की राशि का बैंक का ड्राफ्ट रू0 3,00,000=00 (रूपये तीन लाख मात्र) जो कि कुलसचिव, बरकतउल्ला वि0वि0, भोपाल के नाम देय है। | | × | × |
| 03 | प्रपत्र "ए–1" (निविदा प्रपत्र एवं सुरक्षा निधि) | | × | × |
| 04 | यह प्रपत्र "ए–0" ( चैक लिस्ट) | | × | × |
| 05 | उक्त ड्राफ्टों के पीछे लिखा हैं।"**पुस्तकें क्रय करने हेतु निविदा वर्ष 2016-17**" हाँ | | नहीं | × |
| | एवं फर्म की सील लगी हैं। हाँ | | नहीं | × |
| | **लिफाफा "ब" में संलग्न करें** | | | |
| 05 | संलग्नक पृष्ठ क्रं0 प्रपत्र "ए–2" | × | | × |
| 06 | टेण्डर फार्म प्रपत्र "ए–3" | × | | × |
| 07 | संस्था का पिछले वित्तीय वर्ष 2016-17 में किसी भी केंद्रीय या राज्य विश्वविद्यालय में एकल आदेश के अंतर्गत कम से कम रु. पचास लाख मूल्य क़ी पुस्तकों को प्रदाय करने का अनुभव रहा हो का एकल आदेश प्रमाणपत्र एवं एकल आदेश की संतुष्टि पूर्ण आपूर्ति का प्रमाणपत्र | × | | × |
| 08 | संस्था का पिछले वित्तीय वर्ष (2016-17) में कम से कम रु.दो करोड़ टर्नओवर रहा हो का चार्टर्ड अकाउंटेंट(सीए) द्वारा प्रमाणित प्रमाण पत्र, आडिटेड बैलेन्स शीट एवं व्यापार तथा लाभ-हानी खाता | × | | × |
| 09 | गुड ऑफिस कमेटी GOC द्वारा प्रमाणित बूक सेलर एसोसिएशन की सदस्यता का प्रमाण पत्र | × | | × |
| 07 | किसी भी तीन केंद्रीय या राज्य विश्वविद्यालय में पुस्तकों की संतुष्टि पूर्ण आपूर्ति की हो का प्रमाणपत्र एवं आदेश की प्रति | × | | × |
| 08 | संस्था का ब्लेक लिस्टेड नहीं होने का नोटरी से सत्यापित रू0100का मूल शपथ पत्र | × | | × |
| 09 | आयकर के पिछले तीन एसेस्मेंट वर्ष (2016-17, 2015-16, 2014-15,) का प्रमाण पत्र / विवरण की छाया प्रति | × | | × |
| 10 | आयकर नम्बर (PAN) की छाया प्रति | × | | × |
| 11 | फर्म का वैध रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छाया प्रति | × | | × |
| | **लिफाफा "स" में संलग्न करें** | | | |
| 12 | प्रपत्र ए–4 ( वित्तीय निविदा ) | | × | |
| 13 | संलग्न निविदा के प्रत्येक प्रपत्र पर अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील अंकित हैं हाँ | | नहीं | × |

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील

(9)

लिफाफा 'अ' में संलग्न करें

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

## प्रपत्र ए–1
## ( निविदा प्रपत्र राशि एवं सुरक्षा निधि )

प्रति,

कुलसचिव,

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

विषयः– पुस्तकें क्रय करने हेतु निविदा वर्ष 2016-17 निविदा प्रपत्र राशि एवं सुरक्षा निधि की राशि बाबत।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत हमारे द्वारा लिफाफा 'अ' में दो ड्राफ्ट संलग्न है जो कि कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के पक्ष में देय हैं। जिसका विवरण निम्नानुसार हैः–

(1) निविदा राशि का ड्राफ्ट मूल्य रूप्ये 3,000=00 (रूपये तीन हजार मात्र)

बैंक का नाम ____________________

बैंक ड्राफ्ट क्रमांक ____________________

बैंक ड्राफ्ट दिनांक ____________________

(2) सुरक्षा निधि की राशि का ड्राफ्ट मूल्य रूपये 3,00,000=00 (रूपये तीन लाख मात्र)

बैंक का नाम ____________________

बैंक ड्राफ्ट क्रमांक ____________________

बैंक ड्राफ्ट दिनांक ____________________

प्रत्येक ड्राफ्ट के पीछे लिखा हैः–

क–''पुस्तकें क्रय करने हेतु निविदा वर्ष 2016-17''
ख–फर्म की सील

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील

लिफाफा 'ब' में संलग्न करें

(10)

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

**प्रपत्र ए–2**
**( संलग्नक पृष्ठ क्रं0)**

प्रति,

कुलसचिव,
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

विषयः– <u>पुस्तकें क्रय करने हेतु निविदा वर्ष 2016-17 दस्तावेज संलग्न बाबत।</u>

महोदय,

समस्त दस्तावेजों को निम्नानुसार जमा कर प्रत्येक पृष्ठ का नम्बरिंग कर दिया गया है। निविदा प्रपत्र एवं संलग्न समस्त प्रपत्रों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकर्ता द्वारा फ़र्म की मोहर लगाकर हस्ताक्षर कर दिया गया है। किसी भी प्रपत्र पर फ़र्म की मोहर एवं हस्ताक्षर न होने पर या पृष्ट का नंबर न होने पर उसे संलग्न न किया माना जाए।

| स0 क्र0 | | विवरण | संलग्नक पृष्ठ क्रं0 से | तक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | टेण्डर फार्म प्रपत्र "ए–3" | | |
| 2 | | वित्तीय वर्ष 2016-17 में किसी भी केंद्रीय या राज्य विश्वविद्यालय के एकल आदेश की प्रति | | |
| | | एकल आदेश की संतुष्टि पूर्ण आपूर्ति के प्रमाणपत्र | | |
| 3 | | टर्न ओवर | | |
| | (क) | 2016-17 का कम से कम रु. दो करोड़ टर्नओवर का प्रमाण पत्र | | |
| | | आडिटेड बैलेन्स शीट / व्यापार तथा लाभ-हानी खाता (यह हो सकता है कि जब निविदा का प्रकाशन हो उस समय संस्थान कि आडिटेड बैलेन्स शीट / लाभ-हानी खाता प्रक्रिया में हो। इस हेतु संस्था प्रमाण पत्र संलग्न करे एवं संस्था अपने लेटर हैड पर यह प्रमाणित करे कि उपरोक्त प्रक्रिया में है और वे विश्वविद्यालय में कब तक जमा करेंगे यहाँ पर संस्था के लेटर हैड पर दिया उपरोक्त प्रमाणीकरण के संलग्नक को दर्शाइए) | | |
| | (ख) | 2015-16 के टर्नओवर का प्रमाण पत्र | | |
| | | आडिटेड बैलेन्स शीट एवं | | |
| | | व्यापार तथा लाभ-हानी खाता | | |
| | (ग) | 2014-15 के टर्नओवर का प्रमाण पत्र | | |
| | | आडिटेड बैलेन्स शीट एवं | | |
| | | व्यापार तथा लाभ-हानी खाता | | |

प्रपत्र ए-2 निरंतर.........

लिफाफा 'ब' में संलग्न करें

(11)

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

## प्रपत्र ए–2
## ( संलग्नक पृष्ठ क्रं0) (निरंतर)

| स0 क0 | विवरण | | संलग्नक पृष्ठ कं0 से | तक |
|---|---|---|---|---|
| 4 | गुड ऑफिस कमेटी GOC द्वारा प्रमाणित बुक सेलर एसोसिएशन कि सदस्यता का प्रमाण पत्र | | | |
| 5 | किसी भी तीन केंद्रीय या राज्य विश्वविद्यालय में पुस्तकों की संतुष्टि पूर्ण आपूर्ति की हो का प्रमाणपत्र एवं आदेश की प्रति | | | |
| | 1 | पहले केंद्रीय या राज्य विश्वविद्यालय में पुस्तकों की संतुष्टि पूर्ण आपूर्ति का प्रमाणपत्र एवं आदेश की प्रति | | |
| | 2 | दूसरे केंद्रीय या राज्य विश्वविद्यालय में पुस्तकों की संतुष्टि पूर्ण आपूर्ति का प्रमाणपत्र एवं आदेश की प्रति | | |
| | 3 | तीसरे केंद्रीय या राज्य विश्वविद्यालय में पुस्तकों की संतुष्टि पूर्ण आपूर्ति का प्रमाणपत्र एवं आदेश की प्रति | | |
| 6 | ब्लेक लिस्ट न होने का मूल शपथ पत्र रु.100 के नॉन ज्यूडीशियल स्टाम्प पेपर पर नोटराइज्ड | | | |
| 7 | आयकर के पिछले तीन एसेस्मेंट वर्ष (2016-17, 2015-16, 2014-15) का प्रमाण पत्र | | | |
| | (क) | एसेसमेंट वर्ष 2016–17 | | |
| | (ख) | एसेसमेंट वर्ष 2015–16 | | |
| | (ग) | एसेसमेंट वर्ष 2014–15 | | |
| 8 | प्रमाण पत्र | | | |
| | (क) | पेन (PAN) | | |
| | (ख) | मान्य एवं वैध रजिस्ट्रेशन (Registration) | | |
| 9 | विदेशी प्रकाशन की पुस्तकों के प्रदाय के लिए आयात निर्यात का लायसेंस | | | |

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील

लिफाफा 'ब' में संलग्न करें

(12)

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

## प्रपत्र ए–3
## (निविदा प्रपत्र)

प्रति,

कुलसचिव,
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

विषयः– पुस्तकें क्रय करने हेतु निविदा वर्ष 2016-17 संस्था की जानकारी बाबत।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि हमारी संस्था की जानकारी निम्नानुसार हैः–

| सं0 क्रं0 | विवरण | |
|---|---|---|
| 01 | फर्म का नाम | |
| 02 | पत्र व्यवहार का पता | |
| 03 | फर्म के प्रतिनिधि का नाम | |
| 04 | पदनाम | |
| 05 | दूरभाष नम्बर मोबाईल एवं लेन्डलाईन | |
| 06 | पुस्तकें प्रदाय का अनुभव | |
| 07 | पेन कार्ड नम्बर | |
| 08 | रजिस्ट्रेशन क्रमांक | |

## प्रमाण–पत्र

मैं / हम निविदाकर्ता ने उक्त निविदा की भाग "1", "2", "3", "4" में दी समस्त शर्तों को अच्छी तरह से पढ़ और समझ लिया है और मुझे / हमें निविदा की समस्त शर्तें मान्य एवं स्वीकार है मै / हम प्रमाणित करते है कि निविदा कि समस्त शर्तों के अनुसार पुस्तकें प्रदान करने हेतु तैयार है।

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील

(13)

लिफाफा 'स' में संलग्न करें

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

प्रपत्र ए–4
( वित्तीय निविदा )

## पुस्तकें क्रय करने हेतु निविदा वर्ष 2016-17

| क0 | | विवरण | छपे हुए मूल्य पर दी जाने वाली छूट दर प्रतिशत में (Discount Rate in %) | |
|---|---|---|---|---|
| | | | अंको में | शब्दों में |
| भारतीय प्रकाशन | | पुस्तकें / शोध / संदर्भ ग्रंथ आदि | | |
| | पेपर बाउंड | विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी Science & Technology | % | |
| | | कानून Law | % | |
| | | प्रबंधन, वाणिज्य Management, Commerce | % | |
| | | कला, सामाजिक विज्ञान, अन्य Arts, Social Science, Other | % | |
| | हार्ड बाउंड | विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी Science & Technology | % | |
| | | कानून Law | % | |
| | | प्रबंधन, वाणिज्य Management, Commerce | % | |
| | | कला, सामाजिक विज्ञान, अन्य Arts, Social Science, Other | % | |
| विदेशी प्रकाशन | | पुस्तकें / शोध / संदर्भ ग्रंथ आदि | | |
| | पेपर बाउंड | विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी Science & Technology | % | |
| | | कानून Law | % | |
| | | प्रबंधन, वाणिज्य Management, Commerce | % | |
| | | कला, सामाजिक विज्ञान, अन्य Arts, Social Science, Other | % | |
| | हार्ड बाउंड | विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी Science & Technology | % | |
| | | कानून Law | % | |
| | | प्रबंधन, वाणिज्य Management, Commerce | % | |
| | | कला, सामाजिक विज्ञान, अन्य Arts, Social Science, Other | % | |
| शासकीय / सोसाइटी / इन्स्टीट्यूशनल / एन.जी.ओ. आदि पब्लिककेशन | | | % | |

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील

प्रतिनिधि का नाम ______________________________

फर्म का नाम ______________________________

**XXXXX**